राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

गांवों को स्वस्थ एवं स्वच्छ बनाये

कुलाधिपति ने कुलपतियों को दिये निर्देश

कोविड–19 से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलायें –राज्यपाल

जयपुर, 15 जून। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि विश्वविद्यालयों को गोद लिए गए गांवों में अब कोविड–19 के अनुरूप कार्य योजना बनानी होगी। उन्होंने कुलपतियों को निर्देश दिये हैं कि गोद लिए गए गांवों में कोविड–19 के संक्रमण से बचाव एवं नियन्त्रण के सम्बन्ध में उपाय किये जावें।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने इस आशय के सम्बम्ध में प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र भेजे हैं। कुलाधिपति श्री मिश्र ने कहा है कि कोविड–19 जैसी महामारी में गांवों में बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जावे। कोरोना वैश्विक महामारी को देखते हुए गांवों को संक्रमण रोधी बनाया जाना आवश्यक है।

राज्यपाल ने कहा है कि गांवों के प्रति अब विश्वविद्यालयों के सामाजिक दायित्व बढ गये है। उन्होंने कहा कि अब विश्वविद्यालयों द्वारा गांव गोद लेने वाली योजना स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव का नाम बदलकर ' यूनिवर्सिटी सोशल रिस्पांसिबिलिटी ' कर दिया गया है।

कुलपतियों को भेजे पत्र में कुलाधिपति श्री मिश्र ने निर्देश दिये हैं कि गोद लिए गए गांवों में विश्वविद्यालयों को अब ग्रामीणों को हेल्थ प्रोटोकाल, सोशल डिस्टेसिंग, मास्क और सेनेटाइजर के उपयोग के सम्बन्ध में जागरूक करना होगा। राज्यपाल ने कहा है कि गांवों को स्वस्थ एवं स्वच्छ बनाने के लिए संक्रमणरोधी दवाओं का छिडकाव करावें। कुलाधिपति ने कहा है कि कोविड–19 के तहत गोद लिए गए गांवों में की जाने वाली व्यवस्थाओं के लिए जिला एवं पंचायत प्रशासन का सहयोग एवं समन्वय लिया जावे।

कुलाधिपति श्री मिश्र ने इस सम्बन्ध में कुलपतियों से प्रत्येक माह की 07 तारीख तक प्रगति रिपोर्ट राजभवन भेजे जाने हेतु निर्देश दिये हैं।

––

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा,सहायक निदेशक,
जनसम्पर्क,राज्यपाल, राजस्थान 98292 71189